भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1456
गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

संचार नेविगेशन निगरानी के लिए प्रशिक्षण

1456. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज (सीएटीसी) इलाहाबाद और दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और कोलकाता विमानपत्तनों पर चार क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों (आरटीसी) में संचार नेविगेशन निगरानी (सीएनएस) / वायु यातायात प्रबंधन (एटीएम) कार्मिकों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान कुल कितने सीएनएस/एटीएम कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)</u>

(क) और (ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने इलाहाबाद में नागर विमानन प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीएटीसी) और दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के प्रमुख हवाईअड्डों पर स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों (आरटीसी) के माध्यम से संचार दिक्चालन निगरानी (सीएनएस) और वायु यातायात प्रबंधन (एटीएम) कार्मिकों के लिए व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

वित्त वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान प्रशिक्षित सीएनएस कार्मिकों की कुल संख्या क्रमशः 1080, 349, 1513 और 1262 है। वर्तमान वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक 2975 सीएनएस कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसी प्रकार, एटीएम कार्मिकों को भी विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण दिया गया है। वित्त वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान प्रशिक्षित एटीएम कार्मिकों की संख्या क्रमशः 2008, 2265, 3535 और 3983 है। वर्तमान वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक 3663 एटीएम कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

*****